Need to provide relief and compensation to people affected due to heavy rains in Gadchiroli ? Chimur Parliamentary Constituency ? laid

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): मेरे आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली-चिमुर में पिछले दिनों हुई भारी वर्षा ने क्षेत्र के लोगों का जन-जीवन नष्ट कर दिया है तथा फसल की भारी तबाही हुई है। खेतों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण मार्गों में भी भारी वर्षा में पानी भरकर गया है और आवाजाही बंद हो गई है। मेरे संसदीय क्षेत्र के विशेषत: भामरागढ़, अहेरी, अल्लापल्ली तथा धनोरा के कई दर्जन गांवों का संपर्क मार्ग भी बुरी तरह से नष्ट हो गया। मैं सरकार के ध्यान में यह भी लाना चाहूंगा कि गोसीखुर्द डैम के लगभग 33 दरवाजे खोलने से क्षेत्र की सभी उप नदियां प्रभावित हुई है तथा उनमें भारी पानी के आने से क्षेत्र में काफी जन धन की क्षति हुई है। मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि प्रत्येक वर्ष मेरे क्षेत्र में वर्षा के पानी से इसी तरह की भारी तबाही होती है। सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली में एन.डी.आर.एफ. टीम तुरंत भेज कर लोगों को राह पहुंचाए तथा वर्षा की वजह से क्षेत्र के लोगों की फसल क्षति हुई है, उसकी भरपाई के लिए धन का आवंटन किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष होने वाली भारी वर्षा के पानी से बचाव हेतु भी उपाय किए जाएं।